ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 07 नवम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 244


# भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद नहीं बदल सकते नियम:राजस्थान हाईकोर्ट की 15 साल पुरानी भर्ती पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर. सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि एक बार भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जज की संविधान पीठ ने गुरुवार को यह आदेश दिया है।

संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड के अलावा जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस पंकज मित्थल और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे। संविधान पीठ ने मामले में सुनवाई पूरी करते हुए 18 जुलाई 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, यह पूरा मामला राजस्थान हाईकोर्ट की 15 साल पुरानी विभागीय ट्रांसलेटर भर्ती-2009 से जुड़ा है। इसमें हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया के बीच में नियमों में संशोधन कर दिया था। इससे कई अभ्यर्थी चयन से वंचित हो गए थे। इन्हीं में से 7 अभ्यर्थियों से इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

## भर्ती प्रकिया शुरू होने पर नियम नहीं बदल सकते

संविधान पीठ ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि एक बार भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद उसके नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि भर्ती प्रक्रिया आवेदन आमंत्रित करने और रिक्तियों को भरने के लिए विज्ञप्ति जारी होने से ही शुरू हो जाती है।

संविधान पीठ ने कहा- अगर भर्ती विज्ञप्ति में पहले ही उल्लेख किया गया है कि भर्ती प्रक्रिया के नियमों में बदलाव किया जा सकता है। तभी नियमों में बदलाव करने की अनुमति होगी। उसमें भी आर्टिकल-14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन नहीं हो सकता है।


पीठ ने कहा कि निकाय भर्ती प्रक्रिया को पूरी करने के लिए उसके नियम तय कर सकते हैं। बशर्ते उसमें अपनाई गई प्रक्रिया पारदर्शी, गैर-मनमानी और तर्क संगत होनी चाहिए।

## परिणाम जारी होने के बाद बदले थे नियम

दरअसल, साल 2009 में राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने 13 पदों पर ट्रांसलेटर की विभागीय भर्ती निकाली थी। भर्ती को लेकर दिसंबर 2009 में लिखित परीक्षा आयोजित हुई। इसका परिणाम हाईकोर्ट प्रशासन ने 10 फरवरी 2010 को जारी करते हुए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी थी। 11 फरवरी को हाईकोर्ट प्रशासन ने नियमों में संशोधन करते हुए कहा कि भर्ती में उन्हीं अभ्यर्थियों को सफल माना जाएगा, जिनके 75 प्रतिशत से अधिक अंक होंगे।

पूरी भर्ती प्रक्रिया में केवल 3 अभ्यर्थियों के 75 प्रतिशत से अधिक अंक थे। हाईकोर्ट प्रशासन ने उन्हें चयनित करते हुए शेष 10 पदों को खाली छोड़ दिया। इसे तेज प्रकाश पाठक और अन्य ने पहले हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने मार्च 2011 में इनकी याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद इन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों की बैंच के सामने जब यह मामला आया तो उन्होंने इसमें लीगल क्वेश्चन फ्रेम करते हुए इसे 5 मार्च 2013 को संविधान पीठ के लिए रेफर कर दिया था।

# शिव नाडर देश के सबसे बड़े दानवीर:अंबानी दूसरे, बजाज तीसरे नंबर पर; टॉप 10 में से 6 ने शिक्षा में पैसा दिया



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. HCL के को-फाउंडर शिव नाडर देश के सबसे बड़े दानवीर हैं। शिव और उनके परिवार ने पिछले साल यानी वित्त वर्ष 2023-24 में 2,153 करोड़ रुपए का दान दिया। यानी रोजाना 5.90 करोड़ रुपए दिए। यह जानकारी एडेलगिव हुरुन इंडिया फिलैंथरोपी लिस्ट 2024 में दी गई है।

गुरुवार, 7 नवंबर को जारी इस लिस्ट में टॉप पर नाडर फैमिली है। रिलायंस इंडस्ट्री के चेयरमैन मुकेश अंबानी और उनकी फैमिली दूसरे नंबर पर है। अंबानी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 407 करोड़ रुपए का दान किया। बजाज फैमिली ने 352 करोड़ रुपए का दान कर लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल की है। यह 2023 के मुकाबले 33% ज्यादा है।

दानवीरों की लिस्ट की टॉप 10 हस्तियों ने कुल 4,625 करोड़ रुपए का दान दिया, जो लिस्ट में टोटल दान का लगभग 53% है। लिस्ट में कृष्णा चिवुकुला और सुस्मिता एंड सुब्रतो बागची ने 7वीं और 9वीं पोजिशन हासिल की है। टॉप 10 में से 6 दानवीरों ने अपने CSR (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत शिक्षा में ज्यादा पैसा दिया। एशियन पेंट्स के विवेक वकील सबसे कम उम्र के दानवीर लिस्ट के युवा दानवीरों में एशियन पेंट्स से जुड़े 35 साल के विवेक वकील सबसे कम उम्र के दानवीर हैं। उन्होंने 8 करोड़ रुपए का दान दिया है। वहीं, पिछले साल (2023) के सबसे कम उम्र के दानवीर जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामथ (38) इस साल तीसरे नंबर पर आ गए हैं। निखिल ने अपने भाई और जेरोधा के सीईओ नितिन कामथ (45) के साथ मिलकर 120 करोड़ रुपए का दान दिया।

# ट्रम्प सरकार में भारतवंशी काश पटेल बने सकते CIA चीफ:ट्रम्प के वफादारों में होती है गिनती; विवेक रामास्वामी को भी मिल सकती है जगह



**24 न्यूज अपडेट**


वॉशिंगटन. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जो बाइडेन से चुनाव हार गए थे। पद छोड़ने से पहले ट्रम्प अहम सरकारी पदों पर अपने लोगों को बैठाने की कोशिश में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्होंने अपने खास वफादार को रक्षा मंत्रालय में बड़े पद पर अपॉइंट करना चाहा। हालांकि उनकी ये कोशिश कामयाब नहीं हुई।

दरअसल, चुनाव हारने के बाद कमजोर हो चुके ट्रम्प को तत्कालीन जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मिली ने चेतावनी दी कि अगर वे ऐसा करते हैं तो वे इस मामले को अदालत तक ले जाएंगे।

कुछ समय बाद ट्रम्प ने उसी शख्स को FBI का डिप्टी डायरेक्टर बनाने की कोशिश की, लेकिन तब अटॉर्नी जनरल बिल बार ने धमकी दी कि ऐसा उनकी लाश पर ही हो पाएगा। ट्रम्प इस बार भी नाकाम रहे। ट्रम्प ने एक बार फिर उसी शख्स को CIA का डिप्टी डायरेक्टर बनाना चाहा। इस पर CIA चीफ गिना हास्पेल नाराज हो गईं और इस्तीफा देने की धमकी दी। उपराष्ट्रपति माइक पेंस और दूसरे बड़े नेताओं के हस्तक्षेप के बाद ट्रम्प को इस बार भी अपने हाथ पीछे खींचने पड़े। पटेल के अलावा रामास्वामी और जिंदल को भी मिल सकता है पद

डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इससे पहले ट्रम्प और उनकी टीम अपने नए मंत्रिमंडल के लिए अधिकारियों को चुनने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। ट्रम्प प्रशासन में काश पटेल के अलावा भारतवंशी विवेक रामास्वामी और बॉबी जिंदल को भी जगह मिलने की संभावना है। इन्हें अहम पद दिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पटेल को सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (CIA) चीफ की जिम्मेदारी मिल सकती है। वे इस पद के लिए शीर्ष दावेदार बताए जा रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प पहले ही पटेल को CIA चीफ बनाने का मन बना चुके हैं।

# सेंसेक्स 836 अंक गिरकर 79,541 के स्तर पर बंद:निफ्टी भी 284 अंक लुढ़का, मेटल सेक्टर सबसे ज्यादा 2.73% गिरा




**24 न्यूज अपडेट**

मुंबई. सेंसेक्स आज यानी 7 नवंबर को 836 अंक की गिरावट के साथ 79,541 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 284 अंक की गिरावट रही, ये 24,199 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट और 1 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 में गिरावट और 4 में तेजी रही। NSE के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुआ। मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.73% की गिरावट रही।

एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार रहा

ICICI बैंक, रिलायंस, इंफोसिस, भारती एयरटेल और HDFC बैंक ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया। जबकि, SBI और TCS ने बाजार को नीचे खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.25% की गिरावट रही। वहीं कोरिया का कोस्पी 0.044% और चीन का शंघाई कम्पोजिट 2.57% की तेजी के साथ बंद हुआ। 6 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 3.57% चढ़कर 43,729 पर और S&P 500 2.53% चढ़कर 5,929 पर बंद हुआ। नैस्डैक 2.95% बढ़कर 18,983 पर बंद हुआ।

NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 6 नवंबर को 4,445.59 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 4,889.33 करोड़ के शेयर खरीदे। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस का IPO ओपन प्राइवेट हेल्थ इंश्योरर निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO आज (7 नवंबर) से ओपन हो गया है। निवेशक इस इश्यू के लिए 11 नवंबर तक बिडिंग कर सकते हैं। 14 नवंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे।

# शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी:रायपुर से धमकी भरा फोन आया, मुंबई पुलिस पहुंची; केस दर्ज



**24 न्यूज अपडेट**

मुंबई. सलमान खान के बाद अब शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है। मोबाइल पर धमकी मिलने के बाद शाहरुख की टीम ने शिकायत दर्ज करवाई है। मुंबई पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी है। धमकी मिलने के बाद शाहरुख के घर मन्नत के बाहर सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है।

ANI की रिपोर्ट के अनुसार, अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (BNS) की धारा 308 (4), 351 (3)(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिस नंबर से धमकी दी गई है, वह छत्तीसगढ़ के फैजान नाम के शख्स के नाम पर रजिस्टर्ड है। नंबर ट्रेस होते ही मुंबई पुलिस रायपुर पहुंच गई है। मामला 5 नवंबर का बताया जा रहा है।

DCP के अनुसार, बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात कॉलर का कॉल आया था। इसमें धमकी देते हुए कॉलर ने कहा, बैंड स्टैंड वाले शाहरुख खान को मार दूंगा। अगर मुझे 50 लाख नहीं दिए गए तो शाहरुख खान को जान से मार दूंगा। जब कॉलर से उसका नाम पूछा गया तो जवाब मिला, मेरे लिए ये मैटर नहीं करता, मेरा नाम हिंदुस्तानी है।

**2023 में भी मिली थी धमकियां, बढ़ाई गई थी सुरक्षा**

साल 2023 में भी शाहरुख खान को पठान और जवान फिल्म की कामयाबी के बाद लगातार धमकियां मिली थीं। मामले की शिकायत दर्ज होने पर सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें Y प्लस सिक्योरिटी दी गई थी। तभी से शाहरुख खान हर जगह कड़ी सिक्योरिटी में जाते हैं। 59वें बर्थडे पर इवेंट का हिस्सा बने थे शाहरुख

2 नवंबर को शाहरुख खान ने 59वां जन्मदिन मनाया। हर साल वे जन्मदिन पर फैंस से मिलने मन्नत की बालकनी में आते हैं। हालांकि इस साल सिक्योरिटी के मद्देनजर शाहरुख बालकनी में नहीं आए। जन्मदिन की शाम करीब 6 बजे वे बांद्रा स्थित रंग मंदिर ऑडिटोरियम में एक इवेंट का हिस्सा बने थे।

## संपादकीय : अमेरिका की सत्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर बाजी अपने नाम कर ली है। उन्होंने बहुमत के जरूरी आंकड़े से कहीं अधिक मत हासिल कर लिए हैं। सर्वेक्षणों में नतीजे डेमोक्रेटिक उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पक्ष में जाते दिख रहे थे। मगर मतदान के आखिरी दिन कांटे की टक्कर नजर आने लगी। ट्रंप को उन सात राज्यों में भी बढ़त हासिल हुई, जो पलटी मारने वाले राज्य यानी 'स्विंग स्टेट' माने जाते हैं। हालांकि ये नतीजे हैरान करने वाले नहीं हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी उसी वक्त कमजोर पड़ने लगी थी, जब ट्रंप के आक्रामक चुनाव प्रचार के सामने राष्ट्रपति जो बाइडेन अपनी अस्वस्थता के चलते शिथिल नजर आने लगे थे। उसके बाद कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाया गया। मगर पार्टी के भीतर ही उथल- पुथल शुरू हो गई थी। इस तरह कमला हैरिस को समय कम मिल पाया। हालांकि उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी टक्कर दी और महिला मतदाताओं को लुभाने में कामयाब भी रहीं। मगर ट्रंप ने कमजोर अर्थव्यवस्था, महंगाई और अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर बाइडेन सरकार पर निशाना साधा, और उसका असर वहां के मतदाताओं पर पड़ा । हालांकि इन मसलों पर ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में भी बहुत आक्रामक ढंग से काम किया था। उसी का प्रभाव था कि इस बार के चुनाव प्रचार में वहां के कई बड़े उद्योगपति भी उनके साथ मंच पर उतरे थे । अमेरिका की अर्थव्यवस्था हालांकि अब भी बहुत खराब नहीं है, मगर पहले की तुलना में उसकी रफ्तार धीमी जरूर पड़ गई है। उस पर मंदी की मार है। महंगाई अब तक के पचास वर्षों में सबसे ऊपर पहुंच गई है। रोजगार के अवसर सिकुड़ रहे हैं। ऐसे में ट्रंप ने वादा किया कि वे एक करोड़ अवैध प्रवासियों को देश से निकाल बाहर करेंगे, उन पर करोड़ों डालर खर्च हो रहा है, तो वहां के युवाओं में नए अवसर की उम्मीद जगी । पिछले कार्यकाल में भी उन्हें युवाओं का भरपूर समर्थन हासिल था। इसमें कोई दो राय नहीं कि ट्रंप आक्रामक ढंग से प्रशासन चलाने में विश्वास करते हैं और आर्थिक नीति तथा विदेश नीति को लेकर उनका रुख स्पष्ट है। वे रूस यूक्रेन संघर्ष को लेकर पहले ही घोषणा कर चुके हैं। कि उसे रुकवा देंगे। इस तरह उन पर लोगों का भरोसा बना हुआ है। हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने जिस तरह कई बार राजनीतिक और लोकतांत्रिक मर्यादाएं तोड़ीं, उसकी भरपाई वे कभी नहीं कर पाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप के सामने जो आर्थिक चुनौतियां हैं, उनसे तो शायद वे पार पा लें, मगर विदेश नीति को लेकर उन्हें सदा संदेह की नजर से देखा जाता रहा है। चीन के प्रति उनका रुख बहुत सख्त है। इस वक्त दुनिया में जिस तरह के समीकरण हैं, उसमें वैश्विक दक्षिण की अहमियत बढ़ी है। भारत के साथ अमेरिका के रिश्तों में कोई तनाव नहीं है, मगर चीन और रूस के साथ अमेरिकी रिश्ते तल्ख होंगे तो भारत के साथ भी समीकरण गड़बड़ होने का खतरा हो सकता है। सबसे अहम बात कि अगर ट्रंप आव्रजन नीति में बदलाव करते हैं, तो वहां रह रहे भारतीय नागरिकों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। फिर, दुनिया में बढ़ रहे जलवायु संकट को लेकर ट्रंप संजीदा नहीं रहे हैं। पिछले कार्यकाल में ट्रंप के काम करने के तरीके पर लगातार सवाल उठते रहे। अगर इस बार भी उनका वही रुख रहेगा, तो उनका विवादों से बाहर निकलना मुश्किल होगा ।

## वादे का निर्वाह

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने संबंधी प्रस्ताव पास होना एक तरह से सत्तारूढ़ दल का अपने वादे का निर्वाह करना ही है। इस बार वहां के विधानसभा चुनाव में अनुच्छेद 370 की बहाली प्रमुख मुद्दा था। इसे नैशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के अलावा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने भी अपने वादों में शामिल किया था। दरअसल, अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा स्वतः समाप्त हो गया था। फिलहाल जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश है। इसलिए वहां शासन संबंधी बहुत सारी शक्तियां उपराज्यपाल में निहित हैं। जबकि वहां की सरकार का वादा है कि वह लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसा तभी संभव होगा जब उसका विशेष राज्य का दर्जा बहाल हो । प्रस्ताव में भी कहा गया है कि विधानसभा विशेष दर्जे और संवैधानिक गारंटियों को बहाल करने की मांग करती है। इनसे जम्मू- कश्मीर के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा होती है। हम इसे एकतरफा हटाए जाने से चिंतित हैं । विधानसभा केंद्र सरकार से अनुरोध करती है कि वह विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने के बारे में जम्मू- कश्मीर के निर्वाचित प्रतिनिधियों से बातचीत शुरू करे और एक संवैधानिक रास्ता निकाले । प्रस्ताव में कहीं भी अनुच्छेद 370 की बहाली की बात नहीं कही गई है। यानी जम्मू-कश्मीर सरकार ने इस मसले को तूल देने के बजाय विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग उठाई है। उधर, जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल ने पूर्ण राज्य के दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव उपराज्यपाल के माध्यम से केंद्र को पहले ही भेज दिया था। केंद्र सरकार भी कहती आ रही है कि बहुत जल्दी पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। मगर असल अड़चन इसी मसले पर आ सकती है कि उसके विशेष राज्य के दर्जे को किस रूप में सुरक्षित रखा जाए। जिस कश्मीरियत की बात की जाती रही है, उसे इसी के जरिए सुरक्षित रखने का भरोसा दिलाया जा सकता है। इस संवैधानिक पहलू पर केंद्र और राज्य सरकार किस तरह तालमेल बिठा पाती हैं, देखने की बात है ।

# चर्चित शंकरलाल मेघवाल हत्याकांड फिर आया जुबां पर, विरोध, प्रदर्शन, परिजन बोले-कहां है 31 लाख का मुआवजा!!!




24 न्यूज अपडेट

करीब तीन महीने पहले सलूम्बर जिले के अदवास में शंकरलाल मेघवाल की हत्या से पूरा देश दहल गया था। संसद तक में हत्याकांड की गूंज सुनाई दी थी। तब मुआवजे के बड़े-बड़े वादे उदयपुर के नेताओं ने किए थे। मगर तीन महीने बाद भी ना मुआवजा मिला ना नौकरी। अब फिर से समाज के संगठनों ने विरोध की कमर कस ली और आज जंगी प्रदर्शन किया व प्रशासन को चेतावनी दी। आपको याद दिला दें कि मुआवजे की वार्ता में उदयपुर के संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, विधायक फूलसिंह मीणा सहित अन्य लोग शामिल थे। उनको आगे आकर जवाब देना चाहिए कि मुआवजा क्यों नहीं मिला और इसमें देरी क्यों हो रही है। किसी पीड़ित परिवार को आखिर क्यों प्रदर्शन करना पड़ रहा है। आपको याद दिला दें कि परिजनों को 31 लाख की मुआवजा राशि और परिवार मे एक को नौकरी पर समझौते के बाद ही मृतक का शव उठाया गया था। आज भीम आरमी के बैनर तले प्रदर्शन हुआ व परिजनों ने कहा कि शंकरलाल की हत्या हो गई, उनके पिता को गंभीर घायल हैं। ऐसे में परिवार उनके स्वास्थ्य की चिंता करे या धरना प्रदर्शन करते हुए मुआवजे का इंतजार करे। प्रशासन और नेताओं की मिलीभगत से चलते दलित परिवार को परेशान होना पड़ रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रेस में कांग्रेस : परसाद में जयकारों के बीच 'रेशम' हुए रघुवीर, कल से थामेंगे कवच-कुंडल और तीर-तुणीर



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर में चुनाव प्रचार के किए अब केवल 100 घंटे का समय बाकी रहा है। रूठे हुए रघुवीर मान गए हैं। परसाद में उनके निवास पर कार्यकर्ताओं का जोश के साथ जुटना शुरू हो गया है। ऐलाने जंग के साथ इस्तीफा वापसी के दौर चल रहे हैं। मां जैसी पार्टी का साथ निभाने और सदा साथ रहने की कसमें खाई जा रही हैं। हाथ से हाथ मिला कर और हाथ जोड़ते हुए चुनावी दंगल में हाथ की नैया पार लगाने के लिए भाजपा और कांग्रेस से दो-दो हाथ होने की रणनीति तैयार हो रही है। कल के प्रयास आज रंग लाए। आला कमान का संदेसा लेकर आए हिण्डोली के विधायक अशोक चांदना के साथ कद्दावर नेता रघुवीर सिंह मीणा बार-बार कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए। दरअसल राजनीति में ओप्टिक्स का बड़ा महत्व होता है और नेताओं की एक बात पर रातों रोत बाजियां पलट जाया करती हैं। क्या सलूंबर में कद्दावर नेता रघुवीर सिंह मीणा के मान जाने पर ऐसा कोई करिश्मा होगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। मगर आज समर्थकों में खुशी की लहर साफ दिखाई दी। आखिरकार हाथ की सारी लकीरें एक होकर चुनावी कमर कसने में कामयाब रही। कल से महासमर में रघुवीर खुद कवच और कुंडल पहन कर, हाथों में बरसों के अनुभव वाले तीर-कमान लेकर चुनावी मैदान में नजर आएंगे। उनको मनाने के लिए लगातार संपर्क करने वाले कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं के कल या परसों सलूंबर में सभा करने की भी खबर है। आपको बता दें कि इस बार सलूंबर में कांग्रेस पार्टी पम्प एंड शो से परे रह कर ग्रास रूट लेवल की राजनीतिक रह रही है। चुनावी प्रचार में घर-घर जाकर जाति और विचारधारा के आधार पर मैन टू मैन कैम्पेनिंग हो रही है। अंतिम पलों में बड़े नेताओं की सभा बूस्टर की तरह से काम करने वाली है। कांग्रेस की अंक गणित में को चुनावी लाभ के गणित में परिवर्तित करने का कितन प्रयास रघुवीर सिंह मीणा कर पाते हैं, यह चुनाव परिणाम से साफ हो जाएगा। कड़वे घूंट पीकर भी हंसते-मुस्कुराते हुए दिखना राजनीति का पुराना और आजमाया हुआ दस्तूर है। भाजपा की ओर से भी सीएम भजनलाल की सभा का ऐलान हो गया है। इसके अलावा ग्राउंड लेवल पर पूरी मशीनरी काम कर रही है। ऐसा रोडमेप तैयार हुआ है कि आचारा संहिता में भी रोड बनाने की खबरें आ रही हैं। आज 24 न्यूज अपडेट टीम ने चुनावी परिदृश्य पर कांग्रेस के देहात जिला अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी और पूर्व विधायक अर्जुन लाल बामनिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सलूंबर विधानसभा सीट से कांग्रेस जीत रही है। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश है। भाजपा झूठे वादे करके गुमराह कर रही है। मतदाता समझदार हैं वह अपने विवेक के साथ निर्णय लेगा। रेशमा मीणा को भारी मतों से जीत दिलाएंगे।

# 28 तौला सोना व लाखों कैश लूटने वाले आरोपी दिखे सीसीटीवी में



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर में न्यू अशोक विहार कॉलोनी में 64 साल की महिला अनीता पोरवाल को घर पर आकेली पाकर बॉल लेने के बहाने बंधक बनाया और 28 लाख के जेवर लूट लिए। दो दिन बाद भी इस मामले में बदमाश पुसि की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों के आसरे हैं। उसी के आधार पर उनके भागने व आने का रूट बना कर जांच की जा रही है। सीसीटीवी में बदमाशों के चेहरे दिख रहे हैं। हालांकि अब तक पुलिस की ओर से बदमाशों के फोटो जारी नहीं किए गए हैं।एएसपी उमेश ओझा ने बताया कि लूट में तीन आरोपी शामिल थे जबकि महिला ने चार लोगों के बारे में बताया था। सीसीटीवी में तीन बदमाश भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। सुखेर थाना और डीएसटी की 6 टीमें इस मामले की जांच में लगी हुई हैं। थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत इसका नेतृत्व कर रहे हैं। बस, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर सर्चिंग चल रही है। संदिग्धों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। यह आपको बता दें कि न्यू अशोक विहार कॉलोनी में मंगलवार शाम शाम के समय यह वारदात तब हुई जब अनिता पारेवाल अनित पारेवाल घर पर अकेली ही थी। उके बेटे व बहू दीपावली के अवकाश के चलते बाहर घूमने हुए थे। पति फैक्ट्री पर थे। शाम को पुलिस के अनुसार पौने पांच बजे दो बदमाश अंदर आए व कहने लगे कि आंटी हम बाहर खेल रहे थे, गेंद छत पर चली गई है। इसके बाद तीसरा बदमाश पीछे से अंदर आ गया। उन्होंने बाहर निगाह रखी व गेट के पास एक बदमाश खड़ा रहा। बदमाश छत पर गए व वापस आने का नाटक करते हुए बाहर जाने की बजाय महिला से पानी मांगा। महिला को अकेली पाकर प्लान के अनुसार बदमाश ने धक्का देकर उसको गिरा दिया व मुंह दबा दिया। उसके बाद उनका चोरी का खेल शुरू हुआ। महिला के जेवर उतार लिए, फिर उसको एक कमरे में बंद करके अलमारियां टंटोली। करीब 28 तोला जेवर व कैश लेकर चले गए। उनके जाने के बाद महिला ने चिल्लाते हुए कमरे की खिड़की से शोर मचाया जिसके बाद पडोसियों ने देखा व दरवाजा बाहर से खोला। उसके बाद सुखेर थाने को सूचित किया गया।

## मटके फोड़े, टायर जलाए, पूछा-भ्रष्ट अफसरों से पूछा-मंदिर में खाई कसमों का क्या हुआ?




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में पेयजल को लेकिन जिला प्रशासन पूरी तरह से फेल हो गया है। पिछोला का गंदा पानी पूरे शहर में सप्लाई किया जा रहा है तो कई कॉलोनियां पानी तक को तरस रही हैं। पेयजल की लाइनें कई जगह इतनी ज्यादा क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं कि हर दूसरे दिन सप्लाई बाधित होने की खबर आ रही है। तो दूसरी तरफ सरकारी मशीनरी बोतल बंद पानी का आनंद उठा रही है। कलेक्ट्री से लेकर सभी विभागों की बैठक में बोतलबंद या फिर आर.ओ. का उपचारित पानी काम में लिया जा रहा है। नेताओं को इंटरेस्ट केवल और केवल चुनावों में या फिर बड़े नेताओं के गणेश परिक्रमा में है। ऐसे में जनता के पास आंदोलन के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। आज उदयपुर शहर के नजदीक मनवा खेड़ा गांव के लोगों ने पेयजल की समस्या पर एक बार फिर से प्रदर्शन किया। जलदाय विभाग के कार्यालय में मटके फोड़े और नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग की। प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि कुछ महीनों पर जब प्रदर्शन किया था तो अधिकारियों ने मंदिर में आकर रोज पेयजल देने की कसमें खाईं थी। मगर भ्रष्ट अफसरों और नेताओं ने कोई कार्रवाई नहीं की। पूरा मनवा खेड़ा बूंद-बूंद पानी को तरस गया है। फसलों को काटने के साथ ही उनकी बुवाई का भी समय आ गया है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में भी उनको खेती-किसानी छोड़ कर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मटके फोड़ने के साथ ही ग्रामीणों ने टायर भी जलाकर आक्रोष जताया।

## Exam Alart ....सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021, पात्रता जांच हेतु ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, ऑपथैल्मोलॉजी की विचारित सूची जारी

RPSC

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य- ब्रॉड स्पेशलिटी (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत पात्रता जांच हेतु ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, ऑपथैल्मोलॉजी के पदों की विचारित सूची जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग की संयुक्त सचिव सुश्री ऋषिबाला श्रीमाली ने बताया कि 5 मई 2022 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा के फलस्वरूप ऑपथैल्मोलॉजी के पदों हेतु 30 एवं ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी के पदों हेतु 213 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित किये जाने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है तथा यह साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। साक्षात्कार हेतु अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के पश्चात जारी की जायेगी। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों व नियमों के अनुसार की जावेगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी तथा पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया जाएगा। विस्तृत आवेदन पत्र अथवा दस्तावेज सत्यापन के संबंध में अभ्यर्थियों को यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।

## रतनपुर बॉर्डर पर पकड़ी 15 लाख की अवैध शराब



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। चौरासी विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस वाहनों पर कड़ी नजर रख रही है। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर शराब से भरे एक बंद बॉडी कंटेनर को जब्त कर लिया। पुलिस ने 15 लाख की शराब बरामद करते हुए कंटेनर के ड्राइवर को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी में रोज जांच हो रही हैं मुखबिर के जरिये शराब तस्करी की सूचना मिली थी। जिस पर उदयपुर की तरफ से आ रहे एक कंटेनर को रुकवाया। पुलिस ने कंटेनर को खुलवाकार तलाशी ली तो कंटेनर में राजस्थान निर्मित शराब के कार्टन भरे हुए थे। ड्राइवर से शराब परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगे गए तो उसके पास वैध दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने शराब से भरे कंटेनर को जब्त किया। वहीं, आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए सांचोर निवासी कंटेनर ड्राइवर रमेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कंटेनर से शराब के 205 कार्टन बरामद किए हैं, जिनकी बाजार कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है।

## छठ मैया की पूजा कर आज देंगे डूबते सूरज को अर्घ्य देंगे, फतहसागर पर सजे घाट


**24 न्यूज अपडेट**

छठ पूजन महापर्व में आज शाम को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर नमन करने और अपने व अपनों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करने का दिन है। पारम्परिक गीतों व लोकधुनों के बीच पारम्परिक परिधानों में सज कर पूजा करने वाले दम्पति आज पानी में खड़े रह कर सूर्य देवता को नमन करते हुए पूजन करेंगे। कहा भी जाता है कि सूर्य देव की उपासना से सुख-समुद्धि का वरदान मिलता है और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने से जीवन की समस्याएं दूर हो जाती हैं। उत्तर भारतीय लोगों के समाज के लिए छह पूजन महापर्व उत्सव व आराधना का मौका है तो मेवाड़ के लोगों के लिए उनकी संस्कृति को समझते हुए उनके साथ खुशियां साझा करने का पर्व है। फतहसागर पर इस बार छठ पूजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं हैं। टेट लगा कर छांव की व्यवस्था है तो नीचे पूजन करने आ रहे परिवारों के लिए बैठने आदि की व्यवस्था भी है। आज शाम को 4 बजे से व्रतार्थी सूर्य देवता की पूजा करने ओर उनको अर्घ्य देने यहां पर आएंगे। बिहार धार्मिक समाज समिति के अध्यक्ष कपिलेश्वर साहनी ने बताया कि आज पूजा सूर्यास्त तक चलेगी। इस छठ पूजा में 36 घंटे का निर्जला उपवास रखा जाता है। कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

# जयपुर में युवती का अश्लील वीडियो वॉट्सऐप ग्रुप में डाला:भाई ने देखा, थाने पहुंची पीड़िता; युवक पर रेप का आरोप लगाया

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर. जयपुर में एक युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डालने और रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जांच अधिकारी सीआई गांधी नगर राजकुमार ने बताया- युवती ने शिकायत दी है कि एक युवक ने उसका अश्लील वीडियो बनाया। उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह अश्लील वीडियो एक वॉट्सऐप ग्रुप पर आया। इसमें पीड़िता का भाई भी जुड़ा हुआ था। भाई ने बहन से



वीडियो के बारे में जानकार दी। आरोपी ने वीडियो में केवल पीड़िता को दिखाया। खुद को छिपा लिया। वीडियो वायरल करने पर पीड़िता ने फोन किया तो आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। इस पर पीड़ित लड़की गांधी नगर थाने पहुंची। युवक के खिलाफ गांधी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। युवती ने युवक के खिलाफ रेप करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती का मेडिकल करवाकर उसके बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। वहीं, सोशल मीडिया से युवती का वीडियो भी डिलीट किया जा रहा है।

# जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा : विधानसभा में मारपीट, भाजपा के 3 विधायक घायल, धारा 370 बहाली के प्रस्ताव पा महासंग्राम



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. श्रीनगर। धारा 370 की वापसी का प्रस्ताव पारित होते ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा में घमासान मच गया है। कल प्रस्ताव पारित हुआ था। आज भाजपा और अन्य विधायकों के बीच हाथापाई हो गई और तीन विधायक घायल हो गए। मार्शलों ने विधायकों को संदन से बाहर कर दिया। सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा सत्र के दौरान सत्र के आरंभ होते ही विधायकों के बीच जमकर हाथापाई हो गई। सत्ता पक्ष और विपक्षी भाजपा के विधायकों ने एक-दूसरे का कॉलर पकड़ा और धक्कामुक्की कर दी। सदन में जोरदार हंगामे के बाद पहले विधानसभा की कार्रवाई कार्यवाही 20 मिनट और उसके बाद कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने आर्टिकल 370 की वापसी का बैनर सदन में लहराया। इस पर लिखा था, 'हम अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली और सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई चाहते हैं। इस पर भाजपा के विधायकों व ने विरोध किया, नारेबाजी करने लगे। वेल से होते हुए खुर्शीद अहमद शेख के पास पहुंचे और बैनर छीन लिया। नेशनल कॉन्फ्रेंस विधायक शेख का समर्थन करते हुए भाजपा के विधायकों से भिड़ गए। धक्का-मुक्की का माहौल हो गया। इस बीच आसन के आदेश से मार्शलों को बुलाया गया व उन्होंने आर एस पठानिया सहित कई भाजपा विधायकों को सदन से बाहर निकाल दिया। इस बीच 3 विधायक घायल भी हो गए। इसके बाद भाजपा विधायकों ने भारी हंगामा करते हुए "विशेष दर्जा प्रस्ताव वापस लो" के जबर्दस्त नारे लगाए। स्पीकर ने कहा "यह विधानसभा है,मछली बाजार नहीं है।" भाजपा ने अपने बयान में कहा है कि इंडी गठबंधन जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जो प्रस्ताव लाई है वह भारतीय संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन क्या दलितों, आदिवासियों, बच्चों और महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है? गांधी परिवार को जवाब देने की जरूरत है। क्या वे आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर के विकास और भारत के संविधान के खिलाफ खड़े हैं। कल डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया व सदन में कहा कि केंद्र ने 5 अगस्त, 2019 को राज्य का विशेष दर्जा रद्द कर दिया था। 'राज्य का स्पेशल स्टेटस और संवैधानिक गारंटियां महत्वपूर्ण हैं। यह जम्मू-कश्मीर की पहचान, कल्चर और लोगों के अधिकारों की सुरक्षा करता है। विधानसभा इसे एक तरफा हटाने पर चिंता व्यक्त करती है। भारत सरकार राज्य के स्पेशल स्टेटस को लेकर यहां के प्रतिनिधियों से बात करे। इसकी संवैधानिक बहाली पर काम किया जाए। यह बहाली नेशनल यूनिटी और जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छाओं, दोनों को ध्यान में रख कर की जाए। इसके बाद हंगामा हो गया। भाजपा विधायक वेल में टेबल पर चढ़कर नारे लगाने लगे। हंगामे के बीच विधानसभा स्पीकर अब्दुर रहीम राथर ने प्रस्ताव पर वोटिंग कराई, जिसके बाद प्रस्ताव बहुमत से पास कर दिया गया।

## लाभ का पंच : सोने-चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड गिरावट, 7 दिन में 3200 रुपए टूटा सोना, चांदी 8400 रूपए सस्ती

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। अमेरिका में राजनीतिक स्थिरता और युद्ध थमने की संभावनाओं के बीच सोने और चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट आई है। दीपावली पर लोगों की जेब काटने के बाद भारतीय बाजार में एक सप्ताह में सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला अब तक जारी है। दीपावली के बाद के 7 दिन के आंकडें चौंकाने वाले हैं। गुरुवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत 3200 रुपए घटकर 78 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत में 8400 रुपए की कमी आई है। इसके बाद एक किलो चांदी की कीमत घटकर 93 हजार रुपए पर पहुंच गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि दुनियाभर में अमेरिका के चुनाव से पहले अस्थिरता का माहौल था। इसकी वजह से वैश्विक तौर पर कीमती धातुओं की डिमांड बड़ी हुई थी। लेकिन अमेरिका के चुनाव में ट्रंप की एक तरफ जितने वैश्विक बाजार में स्थिरता ला दी है। इससे न सिर्फ शेयर बाजार में तेजी आई है। बल्कि, सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला भी शुरू हो गया है। यह गिरावट अगले एक सप्ताह तक जारी रह सकती है। हालांकि इसके बाद भारतीय बाजार में वेडिंग सीजन शुरू होने से एक बार फिर तेजी का दौर देखने को मिल सकता है। जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78 हजार 800 रुपए पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 73 हजार 200 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 59 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 47 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 93 हजार रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

## डबल इंजन में चोरों की मौज : जयपुर में भाजपा महिला नेता की चेन तोड़ी, धक्का देकर गिराई स्कूटी



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। चोरों की सीनाजोरी बढ़ती ही जा रही है। वे ना तो सत्ता पक्ष वालों को छोड़ रहे हैं ना विपक्षियों को। धड़ल्ले से बेखौफ अपराध डबल इंजन की सरकार में हो रहे हैं। जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश ने बीजेपी की महिला नेता की चेन तोड़ ली जो स्कूटी पर जा रही थी। बाइक पर पीछे से आए बदमाश ने चलती स्कूटी से महिला के गले से चेन छीन ली और धक्का दे दिया। हाथ-पैर में उनको चोट लगी। बदमाशों ने उनके हीरे के पेंडेंट वाली करीब ढाई लाख की सोने की चेन तोड़ दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। महिला की शिकायत पर विद्याधर नगर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्कूटी पर सवार महिला का लगातार पीछा कर रहा था व मौका देखते ही वारदात कर ली। पीड़िता राजुल तापड़िया (45) पत्नी महेंद्र कुमार तापड़िया ने बताया कि स्थानीय महिला मोर्चा विद्याधर नगर में मंत्री है। पार्षद प्रियंका के पास मीटिंग कर रावणा राजपूत बिल्डिंग के पास से होती हुई 10 स्क्वायर मॉल अपने ऑफिस जा रही थी। इस दौरान स्कूटी के पीछे से बाइक सवार युवक आया। बदमाश ने हेलमेट पहन रखा था। स्कूटी स्पीड ब्रेकर के पास आई ओर बदमाश ने साड़ी में लिपटी हुई सोने की चेन तोड़ ली। स्कूटी का बैलेंस बिगड़ा और सड़क पर गिर गई। लोगों ने संभाला। दो युवकों ने पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। राजुला के पति महेंद्र कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट दी है।

## सिस्टम में भांग : दस्तावेज जांच कर दिए लाइसेंस, फिर से जांच हुई तो निकले गलत, 8 डॉक्टरों के लाइसेंस कर दिए सस्पेंड



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। पिछले दिनों फर्जी दस्तावेज से डॉक्टरों के रजिस्ट्रेशन होने का मामला सामने के बाद राजस्थान मेडिकल काउंसिल (आरएमसी) अपनी लाज बचाने के लिए गलत दस्तावेज देने और इलाज में लापरवाही की बरतने वाले राजस्थान के 8 डॉक्टरों के लाइसेंस को सस्पेंड कर दिया है। आरएमसी के रजिस्ट्रार डॉ. गिरधर गोयल ने मीडिया को बातया कि शुभम गुर्जर, इंद्रराज सिंह गुर्जर, विजय सैनी, नफीस खान, देवेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह गुर्जर, अभिषेक कुमार और शेख आरिफ इकबाल का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। आरएमसी ने इस प्रकरण में प्राप्त शिकायतों की जांच की थी। इन सभी के जांच में दस्तावेज सही नहीं पाए जाने पर आरएमसी ने डॉक्टरों के रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिए। अब बडा सवाल यह खड़ा हो गया है कि अभी दस्तावेज फर्जी निकले हैं तो फिर इनके रजिस्ट्रेशन करते समय क्या हो गया था। क्या फर्जीवाड़ा हुआ था व किसने किया था। जिन्होंने रजिट्रेशन किया उनको क्या सजा दी जा रही है। दी भी जा रही है या फिर मामले को ठंडा करने की कोशिश हो रही है। बताया जा रहा है कि सभी डॉक्टर्स ने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। रूस-, यूक्रेन कजाकिस्तान व अन्य देशों से एमबीबीएस किया हुआ है मगर इन्होंने एनएमसी की पात्रता परीक्षा को उत्तीण नहीं किया है। कुछ के डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन दूसरे राज्यों से नहीं हो सके हैं। कुल मिलाकर मामले को ठंडा करने व बचाने के प्रयास हो रहे हैं।

# उप चुनाव को लेकर सीएम ने ली बैठक:बोले- BAP कोई चुनौती नहीं, 10 महीने में क्षेत्र के विकास के लिए कागज तक नहीं दिया



24 न्यूज अपडेट

उप चुनाव को लेकर सलूंबर में जमीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा की कोर कमेटी के सदस्यों से लेकर सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले प्रमुख लोगों के बीच बैठक की। सीएम ने जमीनी स्तर पर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष की स्थिति जानी और वोटों की गणित पर भी गुणा-भाग किया। डबोक स्थित एक रिसोर्ट में देर शाम शुरू हुई बैठक में सीएम ने कहा- दक्षिणी राजस्थान के जनजाति इलाके में जिस भारत आदिवासी पार्टी (BAP) के नाम का हल्ला मचाया जा रहा है। वह धरातल पर कहीं नहीं दिख रहा है। सीएम ने कहा- उनके करीब दस महीने के कार्यकाल में आज तक BAP पार्टी के नेताओं ने क्षेत्र और जनजाति समाज के विकास या समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन तो दूर कोई कागज तक नहीं दिया।

रात करीब 9 बजे तक चली बैठक में सीएम ने सलूंबर विधानसभा और डूंगरपुर की चौरासी विधानसभा में उप चुनाव को लेकर अलग-अलग समूह में मुख्यमंत्री ने फीडबैक लिया। जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति और वोटों की गणित को लेकर जानकारी ली। बैठक में सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, उदयलाल डांगी, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, शहर अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली सहित अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने सलूंबर क्षेत्र के विषयों को भी सुना और उनके उचित समाधान के लिए आश्वस्त किया।

इधर, डबोक एयरपोर्ट पर आए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में बीएपी के एक सवाल पर कहा कि भारत आदिवासी पार्टी अपना काम करें और हम अपना काम करें, हमारा संगठन सुदृढ़ है और हम चुनाव जीत रहे हैं। वे यहां से एक शादी समारोह में शामिल होने आए।

# नंदसमंद और चिकलवास बांध से छोड़ा जाएगा सिंचाई का पानी:जल वितरण समिति ने लिया निर्णय, 11 और 12 तारीख से नहरों में छोड़ेंगे पानी



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद. राजसमंद में मानसून की बारिश से जिले के प्रमुख बांधों में पानी की अच्छी आवक होने के बाद अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी देने की तैयारियां की जा रही है। राजसमंद झील की दायीं नहर से बुधवार को सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया, जिसके बाद क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर छा गई।

राजसमंद झील की दोनों दायीं और बायीं नहर से पानी छोड़ने के निर्णय के बाद अब जल वितरण समिति ने नंदसमंद बांध से 11 नवम्बर व चिकलवास बांध से 12 नवम्बर को पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया।

खमनोर ब्लॉक के जेईएन दिनेश कुमावत के अनुसार नंदसमंद मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत निकलने वाली दायीं और बायीं नहर में 11 नवम्बर को पानी छोड़ा जाएंगा। नंदसमंद बांध का वर्तमान जल स्तर 32 फीट है। इसमें से 125 एमसीएफटी पानी पेयजल के लिए सुरक्षित रखा जाएगा व शेष पानी सिंचाई के काम में लिया जाएंगा।

वहीं, चिकलवास बांध से निकलने वाली दायीं नहर में 12 नवम्बर को पानी छोड़ा जाएगा जबकि 20 नवम्बर को बायीं नवम्बर में पानी छोड़ा जाएंगा। चिकलवास में 64 फीट पानी का गेज है। इसमें से 36 फीट पानी रखा जाएंगा। कुल पानी में से 170 एमसीएफटी पानी सिंचाई के लिए दिया जाएगा।

# बाबा की माया, कोई नहीं बच पाया : बागेश्वर बाबा की कथा में वीआईपी गेट पर मच गई भगदड़, कल से पास बंद



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। बागेश्वर धाम सरकार की हनुमंत कथा में दूसरे दिन ही अव्यवस्था हो गई और वीआईपी गेट पर एंट्री रोकने पर भगदड़ का माहौल हो गया। कई श्रद्धालु महिलाएं गिर पड़ी तथा चोटिल हो गई। मैनेजमेंट कमेटी पर श्रद्धालुओं ने लापरवाही का आरोप लगाया। मैनेजमेंट कमेटी की ओर से बताया जा रहा है कि जरूरत से ज्यादा पास बांट दिए गए। वीआईपी और वीवीआईपी एंट्री गेट पर भगदड़ का माहौल हो गया। इनकी एंट्री गेट नंबर चार से थी। गेट बंद होने से लोगों की भीड़ जमा हो गई। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष गेट के बाहर खड़े हो गए। आयोजन समिति के सदस्य और सिक्योरिटी सर्विसेज के लोग उन्हें कथा में अंदर नहीं जाने दे रहे थे। अंदर से संदेसा आया कि वीआईपी ब्लॉक फुल है व गेट बंद कर दिए गए है। काफी देर बाद भी जब गेट नहीं खुले तो वहां मौजूद लोगों ने हंगामा कर दिया और व लोगों की सब्र का बांध टूट गया। कुछ महिला श्रद्धालु भगदड़ में गिर गई जिन्हें चोट आई है। चोटिल महिला चंद्रकला सोमानी ने मीडिया से कहा कि महाराज की कथा सुनने आए थे। वीआईपी पास था। जब व्यवस्था नहीं थे पास क्यों दिए। गेट खुला हम लोगों ने अंदर जाने की कोशिश की इसी दौरान भगदड़ मच गई। जिसमें मैं नीचे गिर गई, मुझे कई जगह चोट भी आई है मेरे साथ में कुछ और महिलाएं थी , उन्हें भी चोट लगी है। वीआईपी गेट पर ही भगदड़ मची है तो आम गेट पर स्थित और ज्यादा बुरी है। इधर, भगदड़ और साधु संतों को रोकने से नाराज आयोजन समिति के संरक्षक महंत बनवारी शरण काठिया बाबा ने आयोजकों की व्यवस्था और पुलिस प्रशासन पर नाराजगी जताई। जो संत आ रहे हैं, उन्हें भी हनुमान टेकरी आश्रम तक नहीं आने दिया जा रहा हैं। कल से पास सिस्टम बंद। जो भी भक्त पहले आ रहा है उसे कथा में बैठने का हक है। जिन लोगों ने कथा में डोनेशन दिया, चंदा दिया है वो लोग आगे बैठें लेकिन कथा में आने और बैठने से किसी को नहीं रोका जाएगा।

# नाथद्वारा को मिराज ग्रुप की नई सौगात

## मिराज स्पोर्ट्स सेंटर, खेल जगत में रचेगा नया इतिहास - मदन पालीवाल



24 न्यूज अपडेट

25 अक्टूबर 2024: श्रीनाथजी की पवित्र नगरी नाथद्वारा, जो 'विश्वास स्वरूपम' जैसी अद्वितीय शिव प्रतिमा के लिए पहले से ही प्रसिद्ध है, अब मिराज ग्रुप की एक और भव्य पहल का केंद्र बनने जा रही है। लगभग 30,000 दर्शकों की क्षमता वाले मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर (MPMSC) के निर्माण के साथ, मिराज ग्रुप का यह नया प्रकल्प नाथद्वारा को क्रिकेट और खेल उद्योग का प्रमुख स्थल बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

मिराज ग्रुप ने इस प्रयास को आगे बढ़ाते हुए, स्पोर्टोस्फीयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (SSPL) के साथ एक संचालन और प्रबंधन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य एक ऐसा उत्कृष्ट प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना है जो खेल के क्षेत्र में नई संभावनाओं का द्वार खोले और खेल के विभिन्न व्यवसायिक पहलुओं को आगे बढ़ाए। SSPL के संस्थापक, अजिताभ राजन और देवजीत चक्रवर्ती ने साझा किया कि यह सेंटर खेल और आधुनिक तकनीक का संगम बनेगा, जो खिलाड़ियों, कोचों और पेशेवरों को उभरते प्रतिस्पर्धी माहौल में उत्कृष्टता के लिए तैयार करेगा। मिराज ग्रुप के अध्यक्ष, श्री मदन पालीवाल ने इस परियोजना के व्यापक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, "भारत में केवल एक क्रिकेट स्टेडियम होना पर्याप्त नहीं है। हमें एक ऐसा संपूर्ण स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स चाहिए जो खेल क्षेत्र में मूल्यवर्धन करे और इससे जुड़े सभी व्यक्तियों – चाहे वो खिलाड़ी हों, कोच हों या अन्य पेशेवर – के कौशल को निखारे। MPMSC न केवल खेल आयोजन का स्थान बनेगा बल्कि खेल क्षेत्र के भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं और पेशेवरों को विकसित करने का माध्यम भी बनेगा। यह हमारे क्षेत्रीय और राष्ट्रीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा।"\

मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर न केवल एक आयोजन स्थल होगा बल्कि खेल जगत में श्रेष्ठता की नई पहचान बनेगा।

# घर के बाहर खड़ी बोलेरो चोरी:हैंडल लॉक तोड़कर ले गए बदमाश, टोल प्लाजा पर दिखे



24 न्यूज अपडेट

बिजौलिया. बिजौलिया के कल्याणपुरा गांव में मंगलवार रात एक बोलेरो चोरी हो गई। चोरों ने डुप्लीकेट चाबी से गाड़ी का स्टेयरिंग लॉक तोड़कर वाहन को चोरी किया और कोटा होते हुए झालावाड़ की तरफ ले गए। रास्ते में चोरों ने गाड़ी के फास्टैग का इस्तेमाल करते हुए तीन टोल नाके क्रॉस किए हैं। घटना एनएच 27 से सटे कल्याणपुरा गांव की है। पुलिस ने टोल नाकों पर जाकर वीडियो फुटेज जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है।

कल्याणपुरा निवासी अशोक कुमार धाकड़ ने रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी महिंद्रा बोलेरो गाड़ी (आरजे 08 यूए 0317) को घर के बाहर खड़ी की थी। गाड़ी का हैंडल लॉक लगा हुआ था। मंगलवार देर रात चोरों ने हैंडल लॉक तोड़कर गाड़ी चोरी कर ली। गाड़ी की आसपास तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद, अशोक कुमार ने बुधवार को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई और कार्यवाही की मांग की।

जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल दिलीप सिंह ने बताया कि वाहन चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चोरों ने गाड़ी को धनेश्वर और कोटा टोल नाकों से पार करते हुए मंडाना (झालावाड़) के पास एक और टोल पार किया। तीनों टोल नाकों पर वाहन के फास्टैग का इस्तेमाल किया गया, लेकिन बेलेंस खत्म होने के बाद फास्टैग काम नहीं किया। इसके बाद, चोरों ने झालावाड़ रोड पर वाहन में पेट्रोल भी भरवाया। पुलिस को इन घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुए हैं, हालांकि वीडियो में चोरों के चेहरे स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर चोरों को पकड़ने के लिए योजना बनाई है और जल्द ही गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

# 2 दिन बाद भी पिंजरे तक नहीं आया लेपर्ड:आसपास माहौल शांत रखने की हिदायत; अधिकारियों ने किया निरीक्षण

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. चित्तौड़गढ़ के भदेसर में लेपर्ड के लिए पिंजरा लगाए जाने के 2 बाद भी वन विभाग के हाथ खाली है। लेपर्ड को अलग-अलग क्षेत्रों में देखा जा रहा है, लेकिन पिंजरा अभी तक खाली है। इसी को लेकर भदेसर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया। अधिकारियों ने पिंजरे के आसपास शांत माहौल रखने की हिदायत दी है।

### अलग-अलग जगहों से लेपर्ड के मूवमेंट की आ रही सूचना

पिछले 12 दिनों से भदेसर कस्बे में लेपर्ड के मूवमेंट से लोग भयभीत है। वन विभाग की ओर से 2 दिन पहले भी इस मामले में सुध ली गई। हरिजन बस्ती में लेपर्ड को पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगाया गया। उसके बाद भी लेपर्ड भदेसर कस्बे के अलग-अलग हिस्सों में लोगों को नजर आया। दो दिनों से पिंजरा चेक किया गया, लेकिन लेपर्ड हाथ नहीं आया। ऐसे में प्रशासन और वन विभाग भी चिंतित है।



### अधिकारियों ने किया अवलोकन

हाल ही में उदयपुर में हुए हादसों से लोग डरे और सहमे है। बार-बार अलग जगहों से रिपोर्ट आने के बाद भदेसर एसडीएम ऋषि सुधांशु पांडे और तहसीलदार शिव सिंह, गिरदावर उदयलाल रेबारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण किया। जहां पिंजरा रखा है, उसका अवलोकन किया। अधिकारियों ने वहां रह रहे ग्रामीणों को निर्देश दिया कि पिंजरे के आसपास कोई नहीं पहुंचे। इस इलाके को शांत रहने दे, जिससे शिकार की तलाश में लेपर्ड पिंजरे तक पहुंच सके।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।